हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, रविवार, 31 दिसंबर 2023

15 असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा...



16 13 साल बाद बाढ़ ने मचाई जमकर तबाही ...



## खबर संक्षेप

### फतेहाबाद शहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने शिव चौक एरिया से एक मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में शिव चौक फतेहाबाद निवासी मुकेश कुमार ने कहा है कि गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ी की थी और घर में चला गया था। कुछ देर बाद जब वह घर से बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। पुलिस छानबीन में जुट गई।

### महमड़ा में दुकान से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** गांव महमड़ा में चोरों ने एक करियाणे की दुकान के ताले तोड़कर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव महमड़ा निवासी नीरज कुमार ने कहा है कि उसकी गांव में बस स्टैण्ड स्थित किराना दुकान का शट्टर टूटा हुआ था। अज्ञात चोर उसकी दुकान से एलसीडी, डीवीआर कैमरे व गल्ले से 1 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गया है।

### श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या 31 को

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में नववर्ष के उपलक्ष्य में 31 दिसंबर रात को भजन संध्या व श्याम रसोई का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर श्याम बगीची में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### एसएस जैन सभा के महासचिव बने राजेश

**रतिया।** एसएस जैन सभा के प्रधान संजय जैन संजू ने सभा की कार्यकारिणी घोषित की है। घोषित की गई कार्यकारिणी में राजेश जैन को सभा का महासचिव, चंद्रसैन जैन को कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र जैन छिंदी, नवीन जैन डिंपल, निर्मल जैन, मनीष जिंदल गोमा को सभा का उपप्रधान, अश्वनी जैन को सहसचिव व निशांत जैन को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### गाड़ी चोरी के आरोपी को पंजाब से पकड़ा

**फतेहाबाद।** एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस टीम पुलिस ने रतिया से गाड़ी चोरी मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनीष निवासी ब्यास, अमृतसर पंजाब के तौर पर हुई है। एचसी दिनेश कुमार ने चोरी के आरोपी को पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपी के कब्जे से गाड़ी को ब्यास अमृतसर पंजाब बरामद कर लिया है।

### जॉन वेसले स्कूल में स्पोर्ट्स फेस्ट आयोजित

**फतेहाबाद।** भट्टू रोड स्थित जॉन वेसले कॉन्वेंट स्कूल में स्पोर्ट्स फर्स्ट 2023 का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। यह आयोजन तीन दिन तक चला। स्कूल मुख्याध्यापक अरुण चोपड़ा ने बताया कि इस इवेंट में कुल तीन गुरप बनाए गए, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बड़ा उत्साहित होकर हिस्सा लिया।

## करोड़ों की लागत से बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग के मुख्य प्रवेश द्वार को ही दुकान बना डाला

# 'पार्किंग के एंट्री गेट' को दुकान बनाकर नप ने दिया किराए पर







फतेहाबाद। मल्टीलेवल पार्किंग के दोनों इन्ट्री गेटों पर बनी दुकानें। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। पार्किंग के बाहर फड़ी लगाकर किया गया कब्जा। फोटो : हरिभूमि

- पार्किंग के दोनों गेटों को दुकान की शेप देकर उसे एक दुकानदार को किराये पर दे दिया
- हद तो यह है कि पार्किंग के बाहर भी कम से कम 10 फड़ीदार कब्जा कर कपड़े बेच रहे हैं, ठेकेदार इन फड़ीदार से किराये वसूल रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के थाना रोड पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात के लिए नगरपरिषद द्वारा करोड़ों की लागत से बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग के मुख्य प्रवेश द्वार को ही दुकान बना डाला। पार्किंग के दोनों गेटों को दुकान की शेप देकर उसे एक दुकानदार को किराये पर दे दिया। हद तो यह है कि पार्किंग के बाहर भी कम से कम 10 फड़ीदार कब्जा कर कपड़े बेच रहे हैं। इनसे भी नगरपरिषद के कर्मचारी हफ्ता वसूली कर रहे हैं। फोटो में साफ देखा जा सकता है कि पार्किंग के इन्ट्री गेट को कैसे नियमों को ताक पर रखकर किराये पर दे दिया गया है। हालात यह है कि फेस्टीवल सीजन में पूरा दिन थाना रोड पर जाम लगा रहता है।

कुछ साल पहले थाना रोड पर वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यहां मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण करवाया गया था। हालांकि शहर के बीचो-बीच पार्किंग बनाने का लोगों ने विरोध भी किया था। लोगों का कहना था कि कोई भी वाहन शहर में आएगा और बाजार में बनी पार्किंग में आने-जाने से जाम की समस्या कम होने की बजाय ओर बढ़ेगी। हुआ भी वही, अब फेस्टीवल सीजन आते ही वाहन भीड़ भाड़ वाले बाजार में पार्किंग में प्रवेश करते हैं और बाहर निकलते हैं, इसी जद्दोजहद में थाना रोड पर जाम लगा रहता है। रही-सही कसर नगरपरिषद ने स्वयं ही पूरी कर दी।

नगरपरिषद ने यह पार्किंग ठेके पर दे दी। ठेकेदार प्रति गाड़ी के हिसाब से किराया वसूलता है। साथ ही पार्किंग के बाहर बेतरतीब तरीके से फड़ियां लगवा दी है। प्रति माह इन फड़ी वालों से निश्चित रकम वसूलने के बाद ठेकेदार द्वारा इनको सिक्योरिटी भी दी जा रही है। हालात तो देखिए कि नगरपरिषद के प्रवेश द्वार को भी ठेकेदार ने फड़ी वालों को किराये पर चढ़ा दिया है। अब नगरपरिषद की लापरवाही देखिए कि सारे बाजार में अतिक्रमण व तहबाजारी के नाम पर दुकानदारों को आपस में उलझा रखा है जबकि इनके ही कारिंदों ने तहबाजारी के नाम पर पार्किंग के बाहर फड़ी वालों से मंथली बांध रखी है।

इस संबंध में ईओ ऋषिकेश चौधरी ने कहा कि मैं फतेहाबाद से रिलीव हो चुका हूं। इस बारे में हेड क्लर्क जगदीश बता पाएंगे। वहीं कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक ने से पूछने पर उन्होंने कहा कि मैं पार्किंग का टेक्निकल देखता हूं। बाकी इस संबंध में सचिव बता पाएंगे।

**नियमों के खिलाफ है**

नगरपरिषद के एसआई महेश कुमार ने कहा कि ठेकेदार ने गलत ढंग से पार्किंग के इन्ट्री गेटों को किराये पर दे रखा है। किराये पर देना नियमों के खिलाफ है। उन्होंने इस संबंध में बताया कि ठेकेदार को जल्द ही नोटिस देकर इन प्रवेश द्वारों को जल्द ही खाली करवाया जाएगा ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो। अमल नहीं होने की स्थिति में दोषी लोगों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## 2 को मताना गांव होगा नशा मुक्त घोषित

- एडीजीपी श्रीकांत जाधव गांव को नशामुक्त घोषित कर सरपंच को करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हिसार मंडल के पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव 2 जनवरी को फतेहाबाद जिले के दौरे पर रहेंगे। एडीजीपी श्रीकांत जाधव गांव मताना के पंचायत घर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि भाग लेंगे और युवाओं को नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेंगे। अध्यक्षता एसपी आस्था मोदी करेंगी। यह जानकारी देते हुए गांव मताना के सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा ने बताया कि एडीजीपी श्रीकांत जाधव व फतेहाबाद पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार ग्राम पंचायत मताना द्वारा गांव के नशामुक्त करने को लेकर गंभीरता से प्रयास किए गए हैं। ग्रामीणों के सहयोग से पंचायत ने युवाओं को नशा से दूर करने के लिए जहां खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है वहीं पुलिस के साथ मिलकर समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। यही कारण है कि गांव मताना ने जिले में नशामुक्ति के मामले में प्रथम स्थान हासिल किया है। 2 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में एडीजीपी श्रीकांत जाधव गांव को नशामुक्त गांव घोषित करते हुए गांव के सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा को विशेष तौर पर सम्मानित करेंगे। इसके अलावा एडीजीपी द्वारा कुम्हारिया, भोडा होशनाक, ढाणी ठोबा, ढाणी चानन, खान मोहम्मद, बनावाली सोत्तर, सिरढ़ान, गिल्लाखेड़ा व बनावाली के सरपंचों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## बैजलपुर में बूस्टिंग स्टेशन का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के तहत शनिवार को गांव बैजलपुर व दहमन में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में विधायक दुड़ाराम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक दुड़ाराम ने गांव बैजलपुर में जल जीवन मिशन के तहत एक करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से बने बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन कर ग्रामीणों को समर्पित किया। विधायक दुड़ाराम ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद जताते हुए कहा कि ग्रामीणों को शहरों जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने व चहुंमुखी विकास के लिए हलके में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।



फतेहाबाद। जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव बैजलपुर में बुस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

विधायक ने कहा कि गांव बैजलपुर में चार करोड़ रुपये से भी अधिक की धनराशि खर्च करके विभिन्न विकास कार्य करवाए गए है। गांव की फिरनी के निर्माण पर एक करोड़ 40 लाख रुपये, श्मशान घाट के विभिन्न कार्यों पर 8 लाख 84 हजार रुपये, बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण पर एक करोड़ 74 लाख रुपये, डी प्लान के तहत 6 लाख रुपये, ग्राम पंचायत के अन्य कायार्ें के लिए 25 लाख रुपये, मनरेगा योजना के तहत एक करोड़ 20 लाख रुपये के कार्य, बाढ़ प्रबंधन कायार्ें पर एक करोड़ रुपये से भी अधिक की धनराशि खर्च की गई है।

## युवा पीढ़ी ही कर सकती है बेहतर कल का निर्माण

- जेसीडी शिक्षण कॉलेज में मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय में साइंस क्लब के तत्वावधान में मॉडल एवं प्रोजेक्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन करके प्रतिभा प्रदर्शित की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश ने की। कॉलेज की साइंस प्रवक्ता प्रीति के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता का विषय क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया रखा गया ताकि स्वच्छता का संदेश विद्यार्थियों को दिया जा सके। डॉ. ढींडसा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी यानि विद्यार्थी ही आने वाले कल का निर्माता है तथा स्वच्छ भारत का स्वप्न ये ही आगे आकर पूर्ण कर सकते हैं इसलिए उन्हें ऐसी अनेक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विज्ञान में प्रोजेक्ट कार्य करने से विद्यार्थियों को वास्तविक वैज्ञानिकों जैसा काम करने का मौका मिलता है। प्राचार्य डॉ. जय प्रकाश ने कहा कि इस प्रतियोगिता का विषय विज्ञान विषय पर रखा गया था। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. सतनारायण, बलविंद्र, प्रीति, मदन लाल आदि मौजूद थे।



## होटल तथा धर्मशालाओं में चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला पुलिस ने नववर्ष पर जिले के सभी शहरो, कस्बो तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला के सभी नागरिकों को नववर्ष पर बधाई देते हुए कहा है, कि अपराध एवं अपराधियों तथा गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाई जा रही है मुहिम में नववर्ष में भी पुलिस का पूरा सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि नव वर्ष पर बिना किसी अनुमति के होटल, रेस्टोरेंट तथा मैरिज पैलसो में शराब परोसने वालों तथा डीजे बजाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा शराब पीकर हुडदंगबाजी कर शांति भंग करने वालों, बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर दहशत फैलाने वालों तथा तेज गति से वाहन चलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे गाड़ियों में बैठकर महफिल सजाने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी, इसके अलावा सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने तथा पिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



सिरसा। नव वर्ष की पूर्व संध्या को लेकर सर्च अभियान चलाते हुए पुलिस

## पुस्तकालय को भेंट की 200 पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वरिष्ठ साहित्यकार, छायाकार व शिक्षक डॉ. ओम प्रकाश कादयान ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोहम्मदपुर रोही के पुस्तकालय को करीब 200 पुस्तकें भेंट की है। ये विभिन्न विधाओं की इन पुस्तकों को डॉ. कादयान ने विद्यालय के प्राचार्य भगवान दत्त तथा पुस्तकालय इन्चार्ज डीपीई अशोक कुमार को भेंट किया। इस मौके पर प्राचार्य व शिक्षाविद् भगवान दत्त ने कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र होती हैं। प्राचार्य ने विद्यालय के पुस्तकालय को अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकों पुस्तकें भेंट करने के लिए डॉ. कादयान का आभार जताया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका आशा रानी, दीपिका सेठी, राजेन्द्र कुमार, इन्दू भारती, कमलेश रानी, सुनीता रानी, शशिबाला, रणवीर सिंह आदि मौजूद थे।



फतेहाबाद। कन्या व.मा. विद्यालय में प्राचार्य को पुस्तकालय के लिए पुस्तकें भेंट करते डॉ. ओमप्रकाश कादयान।

## राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में सिरसा का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पंचकूला के इंद्रधनुष सभागार में 28, 29, 30 दिसंबर 2023 को आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सिरसा जिले के प्रतिभागियों का दबदबा रहा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि 28, 29 व 30 दिसंबर को आयोजित इस युवा महोत्सव का कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा सफल आयोजन करवाया गया। जिसमें लगभग 500 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस युवा महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। उन्होंने बताया कि एकल लोक गायन में सिरसा का दीपक प्रथम स्थान पर रहा। समूह लोक गायन में जेसीडी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार एक लोक नृत्य में चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय से हिमानी तृतीय स्थान पर रही। वहीं फोटोग्राफी में नेशनल कॉलेज से दिशु ने द्वितीय स्थान और मिल्ट प्रोडक्शन प्रोजेक्ट विज्ञान प्रदर्शनी में शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम प्रदेश में गौरवान्वित किया। प्राचार्य ने छात्रों को बधाई दी।




सिरसा। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथि।

**तोहफा** | नव वर्ष पर फतेहाबाद को मिलेगी करोड़ों रुपये की सौगात, 100 करोड़ मंजूर

# फतेहाबाद शहर में 18 करोड़, भूना में 44 करोड़ से बिछेगी पेयजल पाइप लाइन

**गंदे पानी की निकासी की होगी सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नव वर्ष 2024 के शुभ अवसर पर फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में फतेहाबाद, भूना तथा भट्टूकलां के निवासियों को करोड़ों रुपये की सौगात मिलने जा रही है। इस राशि से नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए बुस्टिंग स्टेशन का निर्माण होगा वहीं बरसाती व गंदे पानी की निकासी की समस्या से निजात मिलेगी। इसके अतिरिक्त सीवरेज व्यवस्था भी सुदृढ़ हो पाएगी। इसको लेकर विधायक दुड़ाराम ने क्षेत्र वासियों की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता डॉ. जसवंत सिंह ने बताया कि फतेहाबाद व भूना शहर तथा भट्टू कलां में विभिन्न विकास कायार्ें के लिए 100 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि मंजूर हुई है। इस राशि में फतेहाबाद शहर में 18 करोड़ 61 लाख रुपये से पीने के पानी की पाइप बिछाने, बुस्टिंग स्टेशन व एसएस टैंक बनाने का कार्य किया जाएगा। भूना शहर में 44 करोड़ 31 लाख रुपये से पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाने, बची हुई मंजूरशुदा गलियों में सीवर लाइन बिछाने व बरसाती पानी की निकासी के लिए डिस्पोजल व लोहे की पाइप रंगोई नाले तक लगाई जाएगी, जिससे बाढ़ की स्थिति से भूना शहर को निजात मिलेगी। इसके अतिरिक्त भट्टू कलां में 37 करोड़ 25 लाख रुपये से महाग्राम योजना के तहत 4 एमएलडी के मल संशोधन संयंत्र का निर्माण एवं विभिन्न प्रकार के सीवर लाइन बिछाने के कार्य किया जाना है। उपरोक्त सभी कायार्ें का टैंडर 5 जनवरी व 11 जनवरी को खोले जाएंगे। ये सभी कार्य आगामी वित्त वर्ष में पूर्ण कर लिए जाएंगे।




फतेहाबाद। जनस्वास्थ्य विभाग का कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

## ह्यूमन हेल्पिंग हट्र्स एसो. ने किया पौधारोपण व जर्सी वितरण कार्यक्रम


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

ह्यूमन हेल्पिंग हट्र्स एसोसिएशन रतिया द्वारा राजकीय मिडिल स्कूल गांव मिराणा में स्कूली बच्चों को जर्सी वितरित कर तथा प्रांगण में पौधारोपण किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक चोपड़ा का जन्मदिन पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा प्रधान कृष्ण सुनेजा ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद की सहायता करना व वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाना है इसलिए संस्था ऐसे शुभ अवसर पर जरूरतमंदों की सहायता करके व वातावरण को शुद्ध बनाने के लिए समय-समय पर पौधारोपण करती रहती हैं। मीडिया प्रभारी व सलाहकार कृष्ण तनेजा व स्कूल के मुख्य अध्यापक अमरजीत ने लोगों को ऐसे शुभ कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा बढ़ चढ़कर संस्था को सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक अमरजीत के अलावा अध्यापक सतपाल, जगदेव, राजीव, बंसी लाल पीटीआई, रेखा रानी, परसराम जेबीटी, जयवीर, सतीश, दीपक, सुखबीर जेबीटी व संस्था के सलाहकार कृष्ण तनेजा, उप प्रधान दीपक मेहता, सचिव दीपक मित्तल, मीडिया एडवाइजर जगतार सिंह, दीवान सेतिया, करमजीत व अन्य सदस्य उपस्थित थे।



रतिया। गांव मिराना स्कूल में पौधारोपण करते ह्यूमन हेल्पिंग हट्र्स एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# गिरते को करो सलाम, खूब लगाओ दांव, बरसेगा धन



## निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले गांठ बांध लें कि मोटे पैसे कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसलिए सबसे पहले तो लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें। निवेश करने से पहले जिस कंपनी के शेयर खरीद रहे हैं, उसकी प्रोफाइल भी जांच लें। हां एक बात और ध्यान रखें की निवेश से पहले अपने गोल तय करें और शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं। धैर्य और संयम बनाए रखें। अक्स्त्र देखने में आता है कि पैसा लगाने वाले नए लोग एक बड़ी गलती ये करते हैं कि वह बढ़ते शेयरों पर दांव खेलते हैं। इसमें कुछ खराबी नहीं है, लेकिन इनसे कमाई की संभावना कम होती है या रिटर्न बेहद कम ही मिल पाता है। कई बार तो नुकसान भी उठाना पड़ता है। अगर कोई शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई के आसपास ट्रेड कर रहा है तो नए निवशकों को उससे दूरी ही बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि उस शेयर के गिरने के चांस काफी हाई होते हैं। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि बाजार में ऐसे शेयरों में पैसा लगाएं जो काफी टूट गए हों। यानी शेयर बाजार में गिरते को सलाम करें और खूब निवेश करेंगे तो धन बरसेगा यानी आपको बेहतर रिटर्न मिलेगा।

बाजार के जानकारों का कहना है कि यह कोई नहीं बात नहीं है। यह काफी पुराना और आजमाया हुआ फॉर्मूला है। बाजार के मंझे हुए खिलाड़ी इसे अच्छे से समझते हैं, लेकिन इसमें एक परेशानी यह है कि आपको कैसे पता चलेगा कि कोई शेयर अब अपने निचले स्तर तक पहुंच चुका है और अब वह उससे नीचे नहीं जाएगा। इसके पीछे कई फैक्टर्स काम करते हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण इंडिकेशन है कि उस शेयर का पिछला रिकॉर्ड लो है। अगर वह शेयर अपने रिकॉर्ड लो के करीब या उससे नीचे पहुंच गया है तो इसका मतलब है कि अब उस शेयर में खरीदारी का समय है। इस समय निवेशकों को चाहिए कि वे निवेश करें और अच्छा रिटर्न प्राप्त करें।

- बाजार में तेज गिरावट के समय दिग्गज देते हैं खरीदारी की सलाह
- यह पैसा बढ़ाने का सबसे बेहतर फार्मूला, कभी नहीं होंगे कंगाल
- अक्सर गिरावट के समय लोग पैनिक होते और पैसे निकालते हैं
- यह परंपरा गलत, रिकवरी का नहीं मिलता लाभ, होता है नुकसान
- निवेश का पहला मूल मंत्र संयम बनाए रखें
- इंतजार करें और अपने निवेश को बढ़ाते जाएं
- बाजार के उतार-चढ़ाव से घराएं नहीं
- शेयर बाजार में निवेश के लिए जरूरी है धैर्य
- जल्दबाजी में शेयर बेचने से हो सकता है नुकसान
- शेयर में पैसा लगाने से पहले देखें कंपनी की वित्तीय स्थिति




### अगर जारी रहा डाउनवर्ड ट्रेंड

एक सवाल ऐसे में यह भी उठता है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहा तो क्या होगा। कई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी फर्म इस पर कहती है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहता भी है तो भी घबराने की जरूरत नहीं है। कई बार मार्केट डाउन होने पर मजूबत शेयर भी क्रॉस फायरिंग में फंसते हैं और गिरते रहते हैं। यही वह समय है जब आपको घबराने की जरूरतर नहीं है और संयम बरतना है। अगर ऐसे में गिरावट से आपको घाटा लग भी रहा हो तो भी अपने शेयर को बेचें नहीं और धैर्य बनाए रखें, क्योंकि ये मजबूत शेयर जरूर वापसी करेंगे और आपके द्वारा डिस्काउंट पर की गई खरीदारी आपको जबरदस्त कमाई कराएगी यानी आपको मालामाल होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### घबराहट में निर्णय न लें

हमेशा याद रखें कि अर्थव्यवस्था और बाजार का मिजाज चक्रीय होता है। जिस तरह तेजी का दौर आता है, वैसा ही गिरावट का दौर भी बन सकता है। जाहिर है, गिरावट वाले दौर में घबराकर बिकवाली करना अच्छी रणनीति नहीं होगी। अच्छे शेयर अक्सर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देते हैं।

### नुकसान में न बेचें शेयर

उतार-चढ़ाव शेयर बाजार का स्वभाव है। निवेशकों को शेयर बाजार में आई गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर आपने शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है और इसमें आपको अभी नुकसान हुआ है तो भी आपको नुकसान में अपने शेयर बेचने से बचना चाहिए। क्योंकि लॉन्ग टर्म में मार्केट में रिकवरी की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप अपने शेयर्स को लम्बे समय के लिए होल्ड करते हैं तो आपको नुकसान होने की उम्मीद कम हो जाएगी।



### किस बात का रखना है विशेष ध्यान

यह जरूर याद रखें कि किसी भी शेयर को बिना जांचे परखे न खरीदें। शेयर खरीदने से पहले कंपनी के वित्त और उस सेक्टर के भविष्य को लेकर अध्ययन जरूर कर लें। गिरावट की स्थिति में अगर खराब शेयर हाथ में लग तो 'कंगाली में आटा गीला' वाला हाल हो जाएगा।

### दिग्गजों की सलाह

जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे ने 2016 में कहा था कि जब मार्केट नीचे जा रहा हो तो शेयर खरीदने से पहले बहुत ज्यादा छानबीन नहीं करेंगे तो भी चल जाएगा। दिग्गज निवेशक जैक बोगल ने भी एक इंटरव्यू में 2018 में कहा था कि बाजार में हो रहे बदलावों (गिरावट) से घबराकर अपने मन को ना बदलें और शेयर खरीदकर उसे होल्ड करें। अगर आप रिकवरी (बाजार की) का फायदा उठाने से चूके तो संभव है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों से भी चूक जाएं।

### अनुशासन बनाए रखें

पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। इन बदलावों से आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जरूरी यह है कि निवेश में हमेशा अनुशासन बनाए रखें और निवेश करते जाएं।

# सिर्फ 100 रुपये हर रोज बचाएं और बन जाएं मालामाल



सुझाव | बिजनेस डेस्क

- सिर्फ चाय-सिगरेट के पैसों से भी बन सकते हैं करोड़पति
- नौकरी के साथ साथ ही तैयार हो जाएगा मोटा फंड
- चैन से कटेगा बुढ़ापा, बच्चों की शिक्षा के खर्च की नहीं होगी टेंशन
- म्यूचुअल फंड की एसआईपी में 12 फीसदी तक मिल रहा रिटर्न

कहते हैं कि अमीर बनने का सबसे आसान तरीका है, बचत करना। आजकल तो निवेश के ऐसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो मामूली सी रकम को पैसों के ढेर में बदल सकते हैं। बावजूद इसके लोगों में बचत और निवेश को लेकर जागरुकता काफी कम है। अगर कोई निवेशक सिर्फ चाय और सिगरेट की आदत छोड़कर इन पैसों को निवेश करें तो नौकरी खत्म होने तक उनके पास 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जमा हो जाएगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेश को लेकर लोगों के सुस्त रुझान से बहुत दिक्कतें आती हैं और कई लोग तो आर्थिक रूप से तंगहाली में ही दम तोड़ देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ ऐसे यूजर हैं, जिनके पास किसी न किसी ओटीटी का सब्सक्रिप्शन है. इस पर हर महीने 150 से 200 रुपये खर्च करते हैं, लेकिन म्यूचुअल फंड में 100 रुपये से भी निवेश करने वालों की संख्या इसकी महज 10 फीसदी यानी 2 करोड़ है. राधिका की बात कई मायनों में सही भी है, क्योंकि अगर नौकरी शुरू करने वाला युवा सिर्फ रोज के चाय-सिगरेट जितने खर्च का पैसा भी निवेश करे तो रिटायरमेंट तक मोटा फंड तैयार हो जाएगा।

### हर महीने कितना पैसा होगा जमा

मान लीजिए कोई दिनभर में सिर्फ 3 सिगरेट पीता है, जिस पर उसका औसतन खर्चा 60 रुपये होता है। इसके अलावा ऑफिस टाइम में 3 से 4 कप चाय पीता है तो भी औसतन 40 रुपये का खर्चा आएगा। दोनों को जोड़ दिया जाए तो रोजाना सिर्फ चाय-सिगरेट पर ही 100 रुपये का खर्चा हो जाएगा। यानी महीने में निवेश करने वाली रकम करीब 3,000 रुपये होगी।

### कैसे बनेगा करोड़ों का फंड

निवेश के जानकारों का कहना है कि अगर सिर्फ रोजना के चाय और सिगरेट के पैसों को निवेश किया जाए तो नौकरी करने के दौरान यानी करीब 30 साल में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड तैयार हो जाएगा। अगर 30 साल की उम्र में नौकरी शुरू करने के साथ ही कोई 3000 रुपये हर महीने की एसआईपी शुरू करता है तो 30 साल में उसकी ओर से कुल 10.80 लाख रुपये का निवेश किया जाएगा। इक्विटी म्यूचुअल फंड का लंबी अवधि में औसतन रिटर्न 12 फीसदी रहता है। इसी रिटर्न से देखा जाए तो रिटायरमेंट तक यह निवेश बढ़कर 1,05,89,741 रुपये पहुंच जाएगी। इस दौरान 95,09,741 रुपये सिर्फ ब्याज के रूप में मिलेंगे।

### किस फंड पर दांव लगाना सही

ऐसा नहीं है कि म्यूचुअल फंड सिप पर 12 फीसदी रिटर्न सिर्फ कहने की बात है। बाजार में कई ऐसी फंड योजनाएं हैं, जो 20 साल की लंबी अवधि में 12 फीसदी से कहीं ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखती हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार, कई ऐसे ही फंड हैं, जिनका 20 साल का औसतन रिटर्न 12 फीसदी से कहीं ज्यादा है।

### इन फंडों का ऐसा रिटर्न

- आदित्य बिड़ला वेल्थ एस्पायर फंड ने 10 साल से ज्यादा निवेश पर 19.20% फीसदी का रिटर्न दिया है।
- बजाज आलियांज स्मार्ट वेल्थ लक्ष्य ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 17.90% सालाना का रिटर्न दिया।
- एचडीएफसी लाइफ संपूर्ण निवेश में पैसे लगाने वालों को लंबी अवधि में हर साल 17.70% का रिटर्न मिला।
- मैक्स लाइफ ऑनलाइन बचत ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 16.90% का रिटर्न मिला।
- भारती एक्सा लाइफ वेल्थ प्रो फंड ने भी 10 साल से ज्यादा अवधि में 16.60% का औसतन रिटर्न दिया है।

प्लानिंग से बनेगा फटाफट पैसा, आराम से कटेगा बुढ़ापा

# सिर पर आ गया रिटायरमेंट तो ऐसे करें निवेश का प्लान

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*इक्विटी फंड लंबी अवधि में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रहे*

*"रिटायरमेंट करीब आ गया है और आपके पास बुढ़ापे के लिए सेविंग नहीं है। ऐसे लोगों के लिए भी निवेश के कई विकल्प हैं, जहां कम समय में ही मोटा पैसा बनाया जा सकता है। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहे हैं तो आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।"*

यह बात सही है कि निवेश और बचत जितनी जल्दी शुरू की जाए, उतना ही बेहतर होता है और फायदा भी ज्यादा मिलता है, लेकिन, जिंदगी की जिम्मेदारियों को पूरा करने और लोन वगैरह चुकाने में फंसकर रह गए और सेविंग नहीं कर सके। ऊपर से रिटायरमेंट भी सिर पर आ गया है तो अब कहां पैसा लगाएं, जिससे फटाफट आपके खाते में एक मोटा फंड जमा हो जाए। रिटायरमेंट की प्लानिंग भी कई बार खर्चों और जिम्मेदारी की वजह से नहीं हो पाती और आप देखते ही देखते 50 की उम्र पार कर जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हुआ है और अभी तक रिटायरमेंट के लिए पैसे नहीं जोड़ सके हैं तो निवेश की अलग रणनीति बनाकर मोटा फंड जुटा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आपकी देनदारियां कम हों और आप बाजार में थोड़ा जोखिम उठाने के लिए भी तैयार हों। आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।



### ज्यादा रिटर्न वाले विकल्प चुनें

किसी भी नौकरीपेशा के लिए 50 साल की उम्र वह पड़ाव होता है, जब उसकी आय अपने उच्चतम स्तर पर और लोन आदि की देनदारियां लगभग खत्म होने की कगार पर रहती हैं। ऐसे में निवेशक जोखिम लेने में भी सक्षम रहता है तो उसकी पूरी रणनीति ज्यादा रिटर्न पाने की होनी चाहिए। इसके लिए इक्विटी आधारित निवेश पर जोर देना बेहतर होगा। कुछ हिस्सा इंटरनेशनल इक्विटी फंड, डेट फंड और सोने में भी लगाना चाहिए। निवेशक ध्यान रखें कि इक्विटी में लगाने वाले पैसे को कम से कम 10 साल तक बनाए रखेंगे तो 10-12% का जबरदस्त रिटर्न मिल सकता है।

### ... जोखिम नहीं लेना चाहते तो

50 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे निवेशक, जिनमें जोखिम लेने की क्षमता नहीं होती और शॉर्ट टर्म का लक्ष्य लेकर चलते हैं, उन्हें लार्जकैप सेग्मेंट में सबसे ज्यादा निवेश करना चाहिए। ऐसे निवेशकों को लॉर्जकैप फंड में कुल फोलियो का 50%, मल्टीकैप फंड में 40%, मिड और स्मॉलकैप फंड में 10% का निवेश करना चाहिए। इसके अलावा अन्य फंड से फोलियो घटाना हो तो कम अवधि वाली एफडी और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

### यह नियम अपना सकते हैं

- 60 के करीब हैं तो 3 भाग में बाटें पैसा: जब आपकी उम्र 60 के करीब हो या आप रिटायरमेंट ले चुके हैं तो निवेश को तीन भागों में बांटकर रिटर्न का लक्ष्य बनाएं।
- पहला लिक्विड फंड का खाता बनाएं जो आपको जरूरत पड़ने पर तत्काल पैसे उपलब्ध करा सके। इसमें 40 महीने के खर्च के बराबर राशि जमा करें, जो एफडी या शार्ट टर्म बांड में लगाई जा सकती है। इसमें 15-20% का निवेश हो।
- दूसरा स्थायी आय का विकल्प तैयार करें, जिससे निवेश पर कोई जोखिम न हो और निश्चित रिटर्न भी मिलता रहे। इसके लिए वय वंदन योजना या आरबीआई बांड में पैसे लगा सकते हैं। इसमें 45-50% का निवेश करना चाहिए।
- तीसरे विकल्प में ज्यादा रिटर्न देने वाले निवेश शामिल करें, जो फंड को तेजी से बढ़ा सकें। इसके लिए बाजार से जुड़े इक्विटी उत्पाद चुन सकते हैं। इसमें 30-40% हिस्सा लगाना चाहिए।

# आपके माता-पिता के लिए बेस्ट हैं ये सुरक्षित निवेश की स्कीम

बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर निवेशक अपने रुपये पैसे को लेकर ज्यादा सजग रहते हैं और जब निवेश की बात होती है तो वह इसके लिए पूरी तरह से सुरक्षित विकल्प खोजते हैं। सीनियर सिटीजंस के लिए अपनी जमा पूंजी के बड़े हिस्से को सुरक्षित निवेश करने और उसके जरिए स्टेबल रिटर्न पाने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे अच्छे विकल्पों में शामिल है। असल में रिटायरमेंट के बाद निवेशक बाजार का ज्यादा जोखिम लेने की स्थिति में नहीं होते हैं। ऐसे में निश्चित रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प उनके लिए बेहतर है। इस पर न सिर्फ रिटर्न की गारंटी होती है, बल्कि आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। सीनियर सिटीजेंस फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक सामान्य एफडी की तुलना में ज्यादा ब्याज देते हैं। इन योजनाओं में जोखिम बहुत ही कम होता है।

### बैंक देते हैं ज्यादा ब्याज

सीनियर सिटीजन आम तौर पर बाजार का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। उनकी जोखिम लेने की क्षमता कम होती है और वे अपना पैसा सुरक्षित निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं। बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान सीनियर सिटीजंस को लो रिस्क कैटेगरी का मानते हैं और उन्हें निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए एफडी पर ज्यादा ब्याज दरों की पेशकश करते हैं। एक और वजह यह है कि बैंक उन्हें अपना भरोसेमंद ग्राहक मानते हैं, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर सीनियर सिटीजंस की पसंद एफडी होती है।

### सीनियर सिटीजेंस एफडी के फायदे

ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजंस फिक्स्ड डिपॉजिट में सामान्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम की तुलना में 50 बेसिस प्वॉइंट यानी 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देते हैं। आपने तय ब्याज दर पर एफडी लॉक कर दी तो मैच्योरिटी तक दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी गारंटी के साथ रिटर्न मिलेगा। भारत में आरबीआई द्वारा बैंकों को रेगुलेट किया जा रहा है। सरकार समर्थित स्कीम होने के चलते एफडी पूरी तरह से सुरक्षित है।

### यह भी विकल्प

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर एनुअल बेसिस पर, तिमाही बेसिस पर या मंथली बेसिस पर इंटरेस्ट पेआउट का विकल्प चुन सकते हैं। एफडी का इस्तेमाल लोन लेने के लिए कोलैटरल के रूप में किया जा सकता है। सबसे जरूरी कि इसमें अकाउंट खोलने की प्रक्रिया बेहद आसान है।

### कितना लगता है टैक्स

बैंकों में 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 रुपये तक की जमा पर टैक्स बेनिफिट ले सकते हैं। वहीं, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80टीटीबी के अनुसार, सीनियर सिटीजंस एफडी पर एक वित्त वर्ष में अर्जित होने वाले 50 हजार रुपये तक के ब्याज पर टैक्स नहीं देना होता है। अगर किसी वित्त वर्ष में ब्याज की राशि 50 हजार रुपये से अधिक हो तो बैंक इस आय पर टीडीएस वसूलेंगे। आईटी की धारा 194ए के तहत टीडीएस वर्तमान में 10 फीसदी कम है। वरिष्ठ नागरिक एफडी पर अर्जित ब्याज के तहत टैक्स छूट का दावा करने के लिए फॉर्म 15एच का उपयोग कर सकते हैं।

### फॉर्म 15जी/फॉर्म 15एच की प्रयोज्यता

यदि आपकी मूल आय 2.50 लाख रुपये प्रति वर्ष की छूट सीमा से कम है। केवल एक व्यक्ति (60 वर्ष तक) या एचयूएफ या ट्रस्ट, फॉर्म 15जी जमा कर सकता है। यह कंपनियों और व्यवसायों के लिए नहीं है। 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को फॉर्म 15जी के स्थान पर फॉर्म 15एच भरना और जमा करना होता है।

म्यूचुअल फंड में निवेश के कई बेहतर विकल्प, पति की रिटायरमेंट तक बना लेंगी अच्छा खासा फंड

# हाउसवाइफ भी जोड़ सकती हैं करोड़ों की रकम

अक्सर देखा जाता है कि घरेलू महिलाओं के सामने आर्थिक आजादी की समस्या आ जाती है। जिंदगी में हर काम के लिए वह पति की कमाई और पूंजी पर निर्भर रह जाती हैं। लेकिन वे भी थोड़ी सी सावधानी के साथ बचत और निवेश करें तो आर्थिक रूप से आजादी के साथ ही पति की रिटायरमेंट तक घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक करोड़ से ज्यादा का फंड बना सकती है।

तैयारी | बिजनेस डेस्क

*हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का निश्चित जरिया नहीं*

हाउसवाइफ की जिंदगी किसी भी नौकरी पेशा से अधिक बिजी होती है। सुबह जल्दी जागकर घर का सारा काम करना। पति के लिए नाश्ता और लंच बनाना। बच्चों का टिफिन तैयार करना और बुजुर्गों की दिनभर देखभाल करना। एक हाउसवाइफ के लिए यह सारे काम रोज सांस लेने की तरह हैं। एकदम ऑफिस में काम करने जैसा, लेकिन इतना सारी जिम्मेदारियों के बाद भी वह आर्थिक रूप से आजाद नहीं रहती। सोचो क्या उनके पास वित्तीय आत्मनिर्भरता रहती है। 100 में 90 का जवाब होगा, नहीं। पर, अगर आप थोड़ा सा वक्त और पैसा अपने लिए निकालें तो पति की रिटायरमेंट होने तक एक करोड़ से ज्यादा का फंड जुटा लेंगी। इसलिए आपको सिर्फ थोड़ी सी प्लानिंग के तहत काम करना होगा और एक महीने में अपने रोजमर्रा के खर्चे से कम से कम 2600 रुपये तक बचाने होंगे। एक स्टॉक ब्रोकर कंपनी का कहना है कि ज्यादातर हाउसवाइफ की नजर सिर्फ परिवार की देखभाल और उनसे जुड़ी जिम्मेदारियों तक सिमटकर रह जाती है। इस भागदौड़ के बीच अगर सिर्फ मट्ठी भर पैसा हर महीने अपने नाम से जमा करना शुरू कर दें, तो पति की रिटायरमेंट तक आपके पास भी मोटा फंड बन जाएगा। आज महिलाओं के लिए भी ऐसे निवेश विकल्प हैं, जहां थोड़े पैसे लगाकर भी लंबी अवधि में बड़ी पूंजी जमा हो जाती है।

### कितने पैसे की होगी जरूरत

यह बात तो सभी जानते हैं कि हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का कोई निश्चित जरिया नहीं होता। इस लिहाज से घर खर्च में पैसे बचाकर वे अपने पास हर महीने कुछ रुपये जमा कर सकती हैं। अगर आप भविष्य के लिए फंड बनाने की सोच रहीं तो बस आपको बच्चे की रोजाना टिफिन जितना खर्चा ही बचाना होगा। मान लीजिए, बच्चे की रोज की टिफिन और जेब खर्च के पीछे आपके 100 रुपये खर्च होते हैं, तो हर महीने आप 4 रविवार हटाकर भी 2,600 रुपये का फंड जुटा लेंगे।



### इन पैसों को करें निवेश

आपने देखा कि हर महीने आपके पास 2,600 रुपये जमा हो रहे हैं तो अब आप एक म्यूचुअल फंड की एसआईपी खुलवा दीजिए। म्यूचुअल फंड में आप हर महीने 2,600 रुपये भी जमा करती हैं तो लंबी अवधि यानी 10 साल से ज्यादा के समय में आपको इस पर हर साल 12 फीसदी का औसत रिटर्न मिल जाएगा।

### पति की रिटायरमेंट तक कितना पैसा

मान लीजिए आपकी शादी 28 साल की उम्र में होती है और पति की रिटायरमेंट उम्र 60 साल है। इस तरह आपके पास निवेश करने के लिए 32 साल मिलेंगे। इन 32 सालों में 2,600 रुपये हर महीने के हिसाब से आप कुल 9,98,400 रुपये यानी करीब 10 लाख रुपये का निवेश कर सकेंगी। इस पर हर साल 12 फीसदी का रिटर्न मिलता है तो 32 साल में आपका कुल फंड बढ़कर 1,17,24,172 रुपये हो जाएगा, जिसमें ब्याज की रकम 1,07,25,772 रुपये होगी।

### इकोनॉमी में 16% से ज्यादा का योगदान

ध्यान रखने वाली बात यह है कि आपने 32 साल तक लगातार एक ही निवेश बनाए रखा है। अगर आप हर साल निवेश की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी करते हैं तो यह फंड और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह, पति की रिटायरमेंट आने तक आप घर में रहकर एक करोड़ से ज्यादा फंड तैयार कर लेंगी। इस तरह हाउसवाइफ को भी आर्थिक आजादी मिलेगी और वह भी आसानी से एक बढ़िया फंड तैयार कर लेगी। इसलिए जरूरी है कि महिलाओं को भी अपने रोजमर्रा के खर्च से कुछ न कुछ बचाकर निवेश करना चाहिए। इससे उनको आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## खबर संक्षेप

### सेंध लगाकर आभूषण व नकदी ले गए चोर

**ऐलनाबाद।** शहर के वार्ड नंबर 1 में चोर एक बंद मकान से 35 से 40 हजार की नकदी सहित हजारों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक मुकेश गोयल ने बताया कि 23 दिसंबर को वह परिवार सहित वृंदावन गया हुआ था।

### घर से नकदी व आभूषण चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** शहर के चत्तरगढ़पट्टी क्षेत्र में एक बंद मकान से चोर 20 हजार रुपए की नकदी सहित आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक गुरमीत कौर ने बताय कि 28 दिसंबर को वह रिश्तेदारी में गई हुई थी। घर के कमरों व मेन गेट को वह ताले लगाकर गई थी। पीछे से चोरों ने मकान में घुसकर अलमारी से 20 हजार रुपए की नकदी व एक जोड़ी कान के टोपस चोरी कर ले गए।

### दिन दहाड़े घर से नकदी व सोना चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव सादेवाला में एक बंद मकान से चोर दिन दहाड़े 20 हजार रुपए की नकदी व 6 तोले सोना चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक रणजीत सिंह ने बताया कि 29 दिसंबर की सुबह वह परिवार सहित रिश्तेदारी में गया हुआ था। चोरों ने अलमारी में रखी 20 हजार रुपए की नकदी व 6 तोले सोने के आभूषण चोरी कर लिए।

### ईपीएफ नहीं काटे जाने पर स्कूल पर कार्रवाई

**सिरसा।** लंबे समय से स्कूल में कार्यरत अध्यापकों का ईपीएफ नहीं काटे जाने के चलते शहर के नामचीन विद्यालय सेंट जेवियर्स स्कूल पर कर्मचारी भविष्य निधि विभाग का डंडा चला है। इस विषय में स्कूल के लगभग 30 अध्यापक व अध्यापिकाओं द्वारा ऑनलाइन माध्यम से भविष्य निधि विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर आलोक कुमार रोहतक व आर ओ हिसार रामफल को लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिसका पता लगने के तुरंत बाद से विद्यालय द्वारा सभी अध्यापकों का नये सिरे से पी एफ काटना प्रारम्भ कर दिया गया है।

### नव वर्ष की उमंग साईं बाबा संग कार्यक्रम कल

**सिरसा।** श्री साईं सेवा अर्पण मंडल की ओर से नववर्ष की उमंग साईं बाबा के संग कार्यक्रम के तहत भजन अमृत वर्षा का आयोजन आगामी1 जनवरी को किया जाएगा। प्रमुख सेवादार बंटी मदान ने बताया कि सर्वप्रथम बाबा की पालकी व शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ समाजसेवी सर्वजीत खट्टर करेंगे। शोभा यात्रा शहर के 34-ए ब्लॉक से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए जनता भवन स्थित रामभवन में पहुंचेगी।

### पटेल हाऊस बना ओवरऑल विजेता

**सिरसा।** दि सिरसा स्कूल में आयोजित इंटर हाऊस दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया। स्कूल निदेशिका व प्रिंसीपल मनीषा गोदारा ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में पटेल हाऊस की टीम ओवरऑल विजेता रही, जबकि बैस्ट एथलीट भगतसिंह हाऊस से मयंक व साहिल रहे। स्कूल निदेशिका मनीषा गोदारा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

### ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज

**सिरसा।** नाथूसरी चौपटा पुलिस ने शेरांवाली जलसेवाएं उपमंडल सिरसा के उपमंडल नहर अधिकारी लखविंद्र सिंह की शिकायत पर ठेकेदार कृष्ण पंडित लार्ड शिवा फर्म के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में बताया गया कि गांव चाडीवाल निवासी मुख्तयार सिंह की ओर से विभाग को शिकायत दी गई थी कि ठेकेदार कृष्ण पंडित ने मोगा नंबर 64000/एल बनबंदौरी राजबाहा के पक्के खाल को तोड़ दिया है। यह खाल गांव चाडीवाल से फूलकां गांव को जाने वाली सड़क है।

## बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर एक्शन में मंत्री

# असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा : देवेंद्र बबली

**किसान रेस्ट हाउस में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों व व्यापारियों के साथ बैठक करते कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, साथ हैं एसपी आस्था मोदी।

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने कहा है कि असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। कानून व्यवस्था को किसी भी सूरत में भंग नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि टोहाना में अशांति फैलाने वाले और अपराधियों पर सख्त कारवाई की जाए। वे शनिवार को किसान रेस्ट हाउस में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने टोहाना शहर के व्यापारियों और नागरिकों से भी बैठक की और उन्हें आश्वासन दिया के कानून व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। बता दें कि पिछले करीब दो सप्ताह के बीच बदमाशों द्वारा व्यापारियों के साथ लूटपाट व फिरौती मांगने की 3 घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है। इससे खफा व्यापारियों द्वारा गत दिवस थाने का भी घेराव किया गया था।

कैबिनेट मंत्री बबली ने पिछले दिनों टोहाना में घटी आपराधिक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की और पुलिस प्रशासन से कहा कि माहौल खराब और अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाए। उन्होंने कहा कि घटना के जो भी दोषी है उन अपराधियों पर सख्त कारवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी से कहा कि इन मामलों की गहराई से जांच करें। इन घटनाओं में जिसका भी हाथ और संलिप्तता है उनको सख्त सजा दिलाई जाए।

**कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी**

पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाये रखना शासन और प्रशासन की जिम्मेवारी है। किसी को भी डरने की आवश्यकता नहीं है। गुंडा तत्वों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा की पुलिस को निर्देश दिये जा चुके है और जो घटना के दोषी है उन पर कारवाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि व्यापारियों को अपने व्यापार करने में दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि वे उनके साथ खड़े है और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। व्यापारी डरें नहीं, उन्हें स्वस्थ माहौल दिया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, एसडीएम प्रतीक हुड्डा, डीएसपी संजय कुमार, प्रधान रमेश गोयल, हरियाणा बीज विकास निगम के डायरेक्टर मनोज बबली, समाजसेवी विनोद बबली, भूषण लाल बंसल, मोंटू अरोड़ा, जॉनी मेहता, विक्त्रम गर्ग, राजेंद्र ठकराल, रामकुमार सैनी, अशोक गर्ग,रजनीश जैन,जीवन बंसल आदि मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री ने पुलिस विभाग से कहा कि वे शहर में गश्त बढ़ाये और असामाजिक तत्वों पर सख्ती बरते। बाजार और अन्य स्थानों पर पुलिस की गश्त निरंतर चलती रहनी चाहिए। व्यापारियों और नागरिकों को कानून व्यवस्था बारे कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

# शोकेस एग्जिबिशन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

छात्राओं के नवाचारों, विचारों और परियोजनाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल सिरसा में शनिवार को एक दिवसीय शोकेस एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। जिसमें छठी से नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा की छात्राओं ने साइंस और आर्ट्स विषय संबंधी एक से बढ़कर एक बेहतर मॉडल प्रदर्शित किए। मॉडल में बच्चों ने अपनी कार्यकुशलता के साथ बौद्धिक मानसिक क्षमता का प्रदर्शन किया। शोकेस एग्जिबिशन में डेरा के वाइस चेयरमैन चरणजीत ने शिरकत की। मुख्य अतिथि और स्कूल प्रधानाचार्या डा. शीला पूनियां व उप प्राचार्या सीमा छाबड़ा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात प्रत्येक कक्षा के विजेता मॉडल के विद्यार्थी को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रदर्शनी में पहले स्थान पर रहने वाले मॉडल को 2100 रुपए, दूसरे स्थान पर रहने वाले मॉडल को 1100 रुपए व तीसरे स्थान पर रहने वाले मॉडल को 500 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। प्रदर्शनी में 11वीं आर्ट्स की छात्राओं द्वारा बनाया गया राम मंदिर, राम सेतु के मॉडल के अलावा चंद्रयान, एग्रीकल्चर, स्मार्ट सिटी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर पैनल, इको ब्रिज प्रमुख रहे।

# पैसे जमा कराने आई युवती से नकदी छीनकर भागा

- एटीएम में पैसे जमा करवाने आई युवती से नकदी छीनकर भागा युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर में आपराधिक वारदातें रूकने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को एक तरफ जहां पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने एसपी और अधिकारियों के साथ बैठक कर बढ़ते क्राइम पर लगाम लगाने के लिए निर्देश दिए वहीं दूसरी ओर रेलवे रोड पर एक एटीएम में पैसे जमा करवाने आई युवती से एक बदमाश हजारों रुपये की नगदी छीनकर फरार हो गया। युवती से छीना झपटी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है।

कृष्णा कॉलोनी निवासी युवती प्रियंका के भाई रोबिन ने बताया कि उसकी बहन अपनी सहेली के साथ 9500 रुपए की नकदी खाते में जमा करवाने के लिए एटीएम पर गई थी। वह जैसे ही अंदर जाने लगी तो इसी दौरान एक युवक वहां आया और उसकी बहन के हाथ से नकदी छीनकर फरार हो गया। इस पर उसकी बहन ने शोर मचाया, इतने में बाइक पर एक और युवक आया और दूसरा युवक उसके साथ बैठकर वहां से फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में हैरानी की बात यह दिखी कि युवक अंदर जाकर नकदी छीनता है। उस समय एटीएम केंद्र में कुछ अन्य लोग भी थे।

### नौकरी के नाम पर 2.50 लाख की ठगी

**डबवाली।** डबवाली के वार्ड नंबर 15 निवासी एक व्यक्ति के बेटे को सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर दो लोगों द्वारा 2.50 लाख रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में जवाहर लाल ने बताया कि उसके मकान के पास ही कमल पुत्र शिव दयाल निवासी कबीर बस्ती का मकान है, जोकि सेवादार के पद पर राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल अबूबशहर में कार्यरत है। कमल ने उससे कहा कि तुम्हारे बेटे को सरकारी नौकरी लगवा देगा। कमल की बातों में आकर उसने उसने धन्ना राम पुत्र हरिराम आईदान निवासी धौलपालिया से घर में बुलाकर पहचान करवाई। कमल व धन्ना राम ने कहा कि 3.50 लाख रुपए में बेटे को नौकरी लगवा देंगे। 3 लाख रुपए में बात तय हो गई।

# नशे के खिलाफ सजग रहें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ऐलनाबाद



**सिरसा।** ऐलनाबाद में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एडीजीपी

यदि हम सभी नशे के खिलाफ सजग रहे, सचेत रहे और जिम्मेदार बने तभी हम नशे के दैत्य को हरा सकते है। इसलिए सिरसा जिला का हर युवा यह प्रण ले कि वह न तो नशा करेगा और न ही किसी को नशा करने देगा। यह बात एडीजीपी हिसार मंडल श्रीकांत जाधव ने शनिवार को ऐलनाबाद के सीआरडीएवी स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। वे स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि भाग ले रहे थे। इसके बाद एडीजीपी ने थाना ऐलनाबाद में जनसुनवाई कार्यक्त्रम में स्थानीय लोगों की पुलिस से संबंधित शिकायते सुनीं। शहर ऐलनाबाद व आसपास गांव से करीब 50 फरियादी थाना ऐलनाबाद में पहुंचे जिनकी शिकायतें सुनकर लगभग एक दर्जन फरियादियां की शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया ।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के साथ साथ उसके परिवार का विनाश करता है। नशे की गर्त में डूबा व्यक्ति अपनी लत को पूरा करने के लिए परिजनों पर पैसे के लिए हिंसक दबाव बना कर अपने परिजनों को न सिर्फ आर्थिक हानि पहुंचाता है बल्कि परिवार के लिए मानसिक अशांति का कारण भी बनता है। उन्होंने कहा कि मंडल पुलिस पूरे इलाके के युवाओं को नशे की लत से दूर करने के लिए विशेष अभियान चला रही है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट की पंजीकरण प्रक्रिया पूरी

**सिरसा।** देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की स्मृति में आगामी तीन जनवरी से कॉस्को बॉल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज गांव रिसालिया खेड़ा में किया जाएगा। व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अंजनी लढा ने बताया कि गत सोमवार को जेजेपी के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी को लॉच किया था। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार तीन लाख रुपए, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को क्रमशः दो लाख और 51 हजार रुपए पुरस्कार दिया जाएगा।

# आरपीएस में स्कॉलरशिप टेस्ट 31 दिसंबर को

- स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर 150 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा नि:शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस स्कूल का भवन। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस विद्यालय में 31 दिसंबर को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा दे सकते हैं। कक्षा तीसरी से 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर-30 के लिए कक्षा नौवी व 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा, जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी रविवार को सुबह 9:30 बजे तक पहुंचकर अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें। परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन 31 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे होगा। परीक्षा के आधार पर 150 विद्यार्थियों का चयन आरपीएस ग्रुप करेगा जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था की जाएगी।



**सिरसा।** काश्तकारों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उपस्थित लोग।

### फसलों के खराब होने की वजह से काश्तकार किसानों की आर्थिक स्थिति खराब, राहत के उपायों पर चर्चा

**डबवाली।** चौटाला गांव के हरिराम मंदिर के पीछे कई चौपाल में शनिवार को इलाके के काश्तकार किसानों और जमींदारों की एक बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में किसानों की गत 2 वर्षोंर् से लगातार बर्बाद हो रही कॉटन कपास की फसल पर चर्चा हुई है। इस बैठक का मुख्य मुद्दा यह रहा है की मुख्य रूप से गत 2 वर्षोंर् से लगातार काश्तकार किसानों की कपास की फसल नकली बीज कीटनाशक और प्रकृति की मार से बर्बाद हो रही है। किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हुई है। आज किसानों के सामने रोजी रोटी का भी संकट खड़ा हो चुका है। किसान पिछले दो वर्षोंर् से मुआवजा और फसल बीमा क्लेम से भी वंचित ही रहा है। रा'य और केंद्र सरकार ने भी कोई राहत पैकेज की घोषणा अब तक नहीं की है। कामरेड राकेश फोगड़िया ने बताया कि आज काश्तकार किसान की आर्थिक स्थिति कमजोर है कि भारी भरकम ठेका भरकर उसके लिए खेती कर पाना संभव नहीं है।

# संकल्प यात्रा से मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा




**सिरसा।** जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों की शिकायतें सुनते भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य चौटाला। फोटो : हरिभूमि

विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को जिला के गांव कुस्सर, खाजा खेड़ा, रंधावा, रुपाणा खुर्द, तेजाखेड़ा, चौटाला, सुखचैन व भादड़ा में पहुंची। गांव तेजा खेड़ा व चौटाला में सीओएसएएमबी का राष्ट्रीय चेयरमैन आदित्य देवीलाल, गांव सुखचैन व भादड़ा में पूर्व विधायक बलकौर सिंह, गांव रंधावा व रुपाणा खुर्द में महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव महिला मोर्चा निताशा राकेश सिहाग, गांव कुस्सर व खाजाखेड़ा में शीशपाल कंबोज ने यात्रा का स्वागत किया।

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन गुरदेव सिंह राही, पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, बलदेव सिंह, बुधराम शर्मा, सुरेश कुमार, बलजिंदर सिंह, धर्मपाल, मनजीत बेनीवाल, मेनपाल सिहाग, सरपंच रविता बेनीवाल, सुभाष बेनीवाल मौजूद रहे। सीओएसएएमबी का राष्ट्रीय चेयरमैन आदित्य देवीलाल ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप इंडिया, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नौ वर्ष पहले पूर्व की सरकारों के समय गैस कनेक्शन के लिए लाइनें लगती थी, आज घरों तक गैस कब पहुंचती है किसी को पता नहीं चलता है, यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जनहितैषी नीतियों का परिणाम है।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा ऐतिहासिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अयोध्या नगरी में आगामी 22 जनवरी को श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देशभर में तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रा'यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व संघ प्रमुख मोहन भागवत समेत अन्य विशिष्ट अतिथि सम्मिलित होंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप रातुसरिया ने एक शनिवार को जारी बयान में बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर सिरसा जिले में भी पिछले काफी दिनों से अक्षत यात्राएं निकाली जा रही है। वहीं कलश व भगवान श्रीराम के स्वरूप भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और देशवासियों के लिए अभूतपूर्व गौरव का क्षण होगा। रातुसरिया ने कहा कि अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने वाले लोगों को अयोध्या दर्शन पुस्तक दी जाएगी। इस पुस्तक में अयोध्या के इतिहास, प्रमुख मंदिरों, तीथार्ें व सांस्कृतिक महात्य का संपूर्ण परिचय है। रातुसरिया ने बताया कि समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से प्रसाद दिया जाएगा, उसमें गीता प्रेस की तरफ से तैयार किए जा रहे पुस्तक-गुच्छ को भी शामिल है।

# प्रॉपर्टी कर पर ब्याज माफी की समय सीमा बढ़ाई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सूचनाओं व संबंधित ऐप की जानकारी के अभाव तथा प्रॉपर्टी आईडी के साथ परिवार पहचान पत्र व संपति से संबधित अन्य कागजात जोड़ने/लिंक करने तथा संपत्ति करदाताओं को अपनी संपति डाटा की संतुष्टि करके एवं प्रमाणित करने पर आ रही कठिनाइयों को देखते हुए बकाया संपति कर पर शत प्रतिशत ब्याज माफी व संपति कर के मूल पर 15 प्रतिशत की छूट की समय सीमा 31 मार्च 2024 तक बढ़ाई जाए। यह मांग नागरिक अधिकार मंच द्वारा दी गई है। स्थानीय निकाय विभाग ने 31 दिसंबर 2023 तक संपति कर के ब्याज पर शत प्रतिशत छूट दे रखी है। इसके इलावा वित्त वर्ष 2023-24 के संपत्ति कर पर भी 15 प्रतिशत की छूट प्रदान कर रखी है। बशर्ते संपत्ति करदाता अपनी प्रॉपर्टी डाटा की संतुष्टि करके स्व-प्रमाणित करेगा। नागरिक मंच के संयोजक एडवोकेट महेंद्र कुमार धारणिया, पूर्व संयोजक एवं पार्षद मोहन लाल नारंग, राजीव सेतिया, सह संयोजक दुष्यंत शर्मा, सह संयोजक देवी लाल एडवोकेट, पवन शर्मा, जसबीर भ्याना, शम्मी रत्ती, बेगराज, संदीप महिया, संदीप जांगड़ा, पार्षद प्रतिनिधि योगी हंस राज, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र आहूजा, पार्षद प्रतिनिधि मनोज नारंग ने लोगों को ऐप की जानकारी की देने की मांग की।

## मंत्री ने स्कूलों में कमरे, लाइब्रेरी के किए उद्घाटन और शिलान्यास

# शिक्षा के स्तर में किया जा रहा सुधार: बबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** सरकारी स्कूलों में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास पर बच्चों के साथ पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में सभी आधुनिक सुविधाएं व पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराकर शिक्षा के स्तर में सुधार किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप अभिभावकों और विद्यार्थियों का रूझान सरकारी विद्यालयों की ओर निरंतर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा विद्यालयों में विद्यार्थियों को आधारभूत, ढांचागत विकास के साथ सुखद शैक्षणिक माहौल प्रदान किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोहाना मंडी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेहरू मार्केट और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुरानी तहसील टोहाना में 1 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत के नवनिर्मित कमरों, लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला और पायलट प्रोजेक्ट के तहत भवन के जीर्णोद्धार का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे थे। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोहाना में 16 कमरे बनाए जायेंगे, उसके लिए 3 करोड़ 54 लाख रुपये की ग्रांट जारी हुई है।

**सरकारी स्कूलों में दी जा रही गुणवत्तापरक शिक्षा**

पंचायत मंत्री बबली ने कहा कि सरकार की ओर से सरकारी स्कूलों के सौंदर्यकरण पर विशेष ध्यान देकर स्कूलों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर गुणवत्तापरक शिक्षा दी जा रही हैं, जिनका विद्यार्थियों को पूरा लाभ मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक शिक्षा देने पर सरकार का पूरा फोकस है, जिसके लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं एवं कार्यक्रम क्रियान्वित किए जा रहे हैं। आज के डिजिटल युग में नवाचार पद्धति के साथ होने वाले अध्ययन व अध्यापन कार्य से शैक्षणिक स्तर में लगातार सुधार हो रहा है। शैक्षणिक माहौल को रचनात्मक एवं रोचक बनाने के लिए विचारशीलता पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की शिक्षा नीतियों की बदौलत राजकीय स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ रही है। मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी राम रत्न, प्रिंसिपल सत्यपाल फौगाट, विनोद भारद्वाज, राजेश शर्मा, समग्र शिक्षा अभियंता रोहतास सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 13 साल बाद बाढ़ ने मचाई तबाही, 1 लाख एकड़ फसल डूबी, 4 दिन तक शहर की थमी रहीं सांसें

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

वर्ष 2023 फतेहाबादवासियों को दिए गए जख्मों के लिए याद रखा जाएगा। इस वर्ष में फतेहाबाद में कोई बड़ा प्रोजेक्ट तो नहीं आया, लेकिन यहां से घोषित मेडिकल कॉलेज, कचरा प्रबंधन प्लांट जरूर शिफ्ट हो गए। हां, यह जरूर है कि जुलाई आते-आते 13 साल बाद आई बाढ़ ने लोगों के जख्मों को जरूर कुरेदा।








## किसानों का 1500 करोड़ रुपये का नुकसान

जुलाई मास में जहां मानसून ने जिले से मुंह मोड़ा और सामान्य से 62 फीसदी कम बारिश हुई। वहीं पहाड़ों में हुई बारिश ने जिले में जमकर तबाही मचाई। जिले के सीमावर्ती इलाकों जाखल, टोहाना, रतिया के गांवों से होता हुआ बाढ़ का पानी फतेहाबाद शहर की सीमा से आ टकराया। बाढ़ से 1 लाख एकड़ फसल तबाह हुई, 1400 के करीब ढाणियां डूब गई। सैंकड़ों मवेशी मारे गए। बाढ़ की विभीषका का यह मंजर किसी सुनामी से कम नहीं था। किसानों का 1500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। आज भी बाढ़ के मंजर को याद कर जिले के लोगों का दिल दहल जाता है। जुलाई के वह 4 दिन जब फतेहाबाद के बाईपास पर 9 फुट पानी हाइवे को क्रॉस करने लगा तो हाइवे पर बांध बनाया गया। तब दिनरात शहरवासी सांस रोके मंजर देखने को मजबूर थे।





## मेडिकल कॉलेज शिफ्ट की घोषणा




जनवरी माह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल टोहाना आए तो उन्होंने फतेहाबाद शहर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज को टोहाना के गांव रसूलपुर में शिफ्ट करने की घोषणा कर दी। फतेहाबादवासियों को इससे गहरा आघात तो लगा ही, साथ ही वे सरकार व हमारे जनप्रतिनिधि से काफी हताश भी नजर आए। बता दें कि फतेहाबाद में बनने वाले मेडिकल कालेज का टोहाना के गांव रसूलपुर में शिफ्ट होने का यह पहला मामला नहीं है कि जब यहां से बड़ा प्रोजेक्ट राजनेताओं की असंवेदनशीलता के चलते फतेहाबाद से बाहर गया हो।

## जिला परिषद का चुनाव



फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम ने जिला परिषद चुनाव में अपने समर्थक को जिताकर पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली को पटकनी दी। दरअसल जिला परिषद चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के चुनाव को दोनों नेताओं ने अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना रखा था। एक नाटकीय घटनाक्रम में जजपा के प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने अपनी ही पार्टी के मंत्री देवेन्द्र बबली के साथ न जाकर भाजपा विधायक दुड़ाराम की कोठी पर जाकर उनकी समर्थक पार्षद को समर्थन दे दिया, जिससे दुड़ाराम समर्थक सुमन खिचड़ प्रधान व जजपा की कलाशो देवी उपप्रधान चुनी गई। बबली समर्थक सीमा देवी को हार का मुंह देखना पड़ा।

## श्रद्धांजलि देने पहुंचे मुख्यमंत्री



फतेहाबाद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की याद भी फतेहाबाद नहीं भुला पाएगा। फतेहाबाद में पंचनद स्मारक ट्रस्ट ने यहां विभाजन के समय शहीद हुए बुजुर्गों को श्रद्धांजलि देने के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी शिरकत की थी लेकिन इस कार्यक्रम में समाज के लोगों की संख्या ही नाममात्र थी। बता रहे हैं कि इससे सीएम नाखुश दिखे और फतेहाबाद पंचनद के लिए कोई बड़ी घोषणा नहीं की।

## यूपीएससी की परीक्षा में देशभर में 12वां स्थान

तेहाबाद के गांव गोरखपुर निवासी अभिनव सिवाच ने यूपीएससी की परीक्षा में देशभर में 12वां स्थान हासिल कर जिले का नाम देशभर में रोशन किया। अभिनव दिल्ली में एसडीएम थे।





***नूंह में हुई हिंसा की आंच फतेहाबाद में*** : *जिले पर भी पड़ी। बजरंग दल ने 28 अगस्त को सावन माह के अंतिम सोमवार को नूंह में दोबारा से यात्रा का ऐलान किया तो सरकार ने सुरक्षा प्रबंधों व शांति व्यवस्था बनाये रखने के उदेश्य से इस यात्रा पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद फतेहाबाद व टोहाना से काफी संख्या में युवाओं ने नूंह में होने वाली यात्रा में शामिल होने का ऐलान किया तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।*

## क्राइम पर शहर बंद



*फतेहाबाद में बढ़ते क्राइम को देखकर मार्च माह में शहरवासी एकत्रित हुए और शहर बंद रखा। बंद को हर वर्ग के लोगों का समर्थन मिला। पहली बार शहर में बिना किसी राजनीतिक पार्टी के आह्वान के स्वयं लोगों ने बंद को इतना अभूतपूर्व समर्थन दिया हो। इस दिन शहरवासी अनाज मण्डी में एकत्रित हुए और शहर में प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन के सक्रिय होने के बाद शहरवासी शांत हुए।*

## जनपरिवाद समिति की बैठक

*23 दिसम्बर को पूरा एक साल हो गया लेकिन जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक नहीं हो पाई। 23 दिसम्बर 2022 को यह बैठक तत्कालीन खेल मंत्री संदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई थी। बाद में महिला कोच से छेड़छाड़ के मामले में खेल मंत्री आरोपों से घिर गए और तब से अब तक वे जिले में नहीं आए हैं। सरकार ने भी यह प्रभार किसी को नहीं सौंपा। अब दिसम्बर में सरकार ने हालांकि कुछ अपने चहेतों को लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति का सदस्य जरूर मनोनीत किया है लेकिन जिलावासियों को इसकी बैठक का इंतजार है।*



## तेज अंधड़ से जीवन अस्त-व्यस्त



मई माह में फतेहाबाद में तेज अंधड़ ने जिलावासियों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इस तेज अंधड़ के कारण जहां 250 पेड़ उखड़ गए, 35 ट्रांसफार्मर गिर गए। तूफान ने इतनी तबाही मचाई की पूरे दो दिन बिजली सप्लाई बाधित



## जजपा को बॉय-बॉय कह दिया

*विधानसभा चुनावों में जजपा की टिकट पर चुनाव लड़कर दमखम दिखा चुके डॉ. विरेन्द्र सिवाच ने इस साल जजपा को बॉय-बॉय कह दिया। बाद में वे पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल हो गए और फतेहाबाद से भी टिकट के मजबूत दावेदार है। फतेहाबाद के राजनीतिक इतिहास में यह बड़ा फेरबदल रहा। दरअसल डॉ. सिवाच मौजूदा विधायक दुड़ाराम से मात्र 3 हजार वोटों से हारे थे। यह बात जरूर है कि यह उनका पहला फेरबदल नहीं है। पहले वे कांग्रेस में थे।*

## एनआईए की दस्तक से हड़कंप



सिरसा जिला में सालभर एनआईए की दस्तक रही। एनआईए की टीम ने कई बार जिला में अलग-अलग लोगों के घरों में रेड की और तलाशी के दौरान कुछ सामान बरामद किया। वहीं इन लोगों को नोटिस देकर मुख्यालय भी बुलाया, जिसके बाद कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया। इनमें कालांवाली, डबवाली, चौटाला व तख्तमल में छोटू भाट, जग्गा बराड़ सहित कई अन्य लोग रडार पर रहे।

## डबवाली बना पुलिस जिला





डबवाली बना पुलिस जिला। पंजाब की सीमा से सटे डबवाली को हरियाणा सरकार ने नया पुलिस जिला बनाने की घोषणा की। 21 सितम्बर को डबवाली में प्रथम पुलिस अधीक्षक के रूप में सुमेर चंद ने कार्यभार संभाला। डबवाली पुलिस जिला बनाने के बाद बड़ागुढ़ा व रोड़ी थाना क्षेत्रों को डबवाली से जोडने के विरोध में जिला अदालत में वकील हड़ताल पर

## ताऊ के पौत्र को बड़ी जिम्मेदारी

ताऊ के पौत्र को बड़ी जिम्मेदारी। पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. चौ. देवीलाल के पौत्र आदित्य देवीलाल को सीओएसएएमबी का राष्ट्रीय चेयरमैन बनाया गया है। गौरतलब है कि आदित्य देवीलाल वर्तमान में हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर भी कार्य कर रहे हैं। उनकी कार्य कुशलता को देखते हुये सरकार ने उन्हें यह जम्मिवारी सौंपी है।देवीलाल के कुनबे में खूब चले शब्द बाण। वर्ष 2023 में चौधरी देवीलाल परिवार में एक बार फिर एक दूसरे पर शब्दबाण दागे गए। बिजली मंत्री रणजीत सिंह व इनेलो नेता अभय सिंह चौटालाकी वॉक कटुता हदें पार कर गई। अभय सिंह चौटाला व अजय चौटाला के परिवार के लोगों में भी खटास व कड़वाहट समय-समय पर जग जाहिर होती रही।

## मुआवजे के लिए टंकी पर चढ़े किसान

किसानों को नरमा-कपास की खराब हुई फसल के मुआवजे की मांग को लेकर जलघर की 100 फुट लंबी टंकी पर चढना पड़ा।जिला के गांव नारायणखेड़ा में तीन किसान कई दिन टंकी पर चढ़े तो सिरसा से लेकर चंडीगढ़ व दल्लिी तक सरकार हरकत में आ गई और आखिर मुआवजा किसानों के खाते में पहुंच गया।जमाल गांव में भी दो किसान पानी की मांग के लिए टंकी पर चढ़ गए।



## घग्घर उफनाई



जुलाई माह में घग्घर उफान रही। घग्घर के इतिहास में पहली बार 60 हजार क्यूसिक से अधिक पानी आया, जिसने किसानों व प्रशासनिक अधिकारियों की खूब दौड़-धूप करवाई। बुर्जकर्मगढ़ गांव में पानी घुस गया, वहीं 14 हजार एकड़ फसल डूब गई। इसके अलावा सिरसा शहर के हिसार रोड पर भी घग्घर का पानी पहुंच गया जिसको बाध बनाकर रोका गया।

## क्लेरिकल स्टाफ हड़ताल पर रहा

क्लेरिकल स्टाफ भी लंबे समय तक रहा हड़ताल पर। वेतनमान बढ़ाने की मांग को लेकर पहली बार क्लेरिकल स्टाफ ने सरकार के खिलाफ मोर्चा लगाया। लघुसचिवालय के समक्ष करीब 42 दिन तक क्लर्क हड़ताल पर रहे, जिससे कामकाज ठप रहा।



## आशा वर्कर्स गरजीं



आशा वर्कर्स का सरकार के खिलाफ आक्रोश। वेतन बढ़ोतरी सहित कई मांगों को लेकर आशा वर्करों का धरना-प्रदर्शन भी लंबा चला। कई बार डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के आवास का घेराव किया गया। प्रदर्शन के दौरान आशा वर्करों ने बेरिकेट्स तोड़े और कई बार पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई।

## दिग्विजय सिंह बंधे शादी के बंधन में



जेजेपी नेता दिग्विजय सिंह बंधे शादी के बंधन में। दिग्विजय सिंह चौटाला की शादी समारोह में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, बाबा रामदेव सहित कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं।



## छोटी सी बात को लेकर बवाल

सब्जी मंडी के समीप सडक के बीचोंबीच ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी करके व रेहड़ी लगाकर सडक पर जाम जैसी स्थिति पैदा करने वाले अतक्रिमणकारियों के खिलाफ शिकायत करना दुकानदारों को महंगा पड़ा गया। अतक्रिमणकारियों के एक गुट ने शिकायत करने वाले एक दुकानदार पर हमला बोल दिया और उससे मारपीट की। इसके बाद यहां बवाल मच गया। नौबत यहां तक आ गई कि दुकानदारों ने बाजार ही बंद कर दिया।

## मिला मेडिकल कॉलेज



सिरसा को मिला मेडिकल कालेज। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिरसा में सरसाईनाथ के नाम पर मेडिकल कालेज बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मेडिकल कालेजकी जगह का भी निरीक्षण किया। यह मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य मार्च 2024 में शुरू होने की उम्मीद है और इस पर करीब 1100 करोड़ रुपये खर्च होंगे।